गोरखपुर के ताल कंदला में 27 एकड़ ज़मीन पर बनेगा एक्वा पार्क

चर्चा में क्यों?

13 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर के सदर तहसील के ताल कंदला में एक्वा पार्क बनाया जाएगा, जिसके लिये 27 एकड़ ज़मीन चिह्नित की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना से मछली पालकों को काफी फायदा होगा।

प्रमुख बिंदु

- इस एक्वा पार्क के चालू हो जाने से मछली पालन से जुड़े लोगों को काफी लाभ मिलेगा। एक्वा पार्क में मछली की नई प्रजातियाँ तैयार की जाएंगी और मछली के बीज को लेकर शोध होगा। साथ ही यहाँ पर मत्स्य बीज बैंक, मत्स्य पालन, मत्स्य प्रसंकरण से लेकर और कई सुविधा होगी।
- गोरखपुर के साथ ही मथुरा में भी एक्वा पार्क स्थापित किया जाएगा। गोरखपुर के ताल कंदला में पहले पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के लिये जमीन दी गई थी, लेकिन लो लैंड होने से मिट्टी भरपाई का काम अधिक होने के कारण इस जगह को एक्वा पार्क के लिये उपयुक्त पाया गया।
- विदित हो कि गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्र में निषाद समाज के लोगों की संख्या काफी अधिक है। गोरखपुर में एक्वा पार्क खुल जाने से इससे जुड़े व्यवसाय को गति मिलेगी और पास के ज़िलों के मछली पालकों को काफी फायदा होगा।

//